समुद्री सीमाओं की सुरक्षा को प्रधानता दी जाएगी : नौसेना प्रमुख करमबीर सिंह

देश की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा देश के विकास के लिए महत्वपूर्ण है इसलिए समुद्री सीमाओं की सुरक्षा ही हमारी प्राथमिकता है और इसके लिए हमारे नौसैनिक जी-जान से जुटे हुए हैं. यह विचार नौसेना प्रमुख एडमिरल करमबीर सिंह ने व्यक्त किए. श्री सिंह आर्म फोर्स मेडिकल कॉलेज (एएफएफसी) में आयोजित पूर्व सेना प्रमुख बी.सी.जोशी स्मृति व्याख्यानमाला में बोल रहे थे. इस अवसर पर सदर्न कमांड के कमांडिंग इन चीफ लेफ्टिनेंट जनरल एस.के.सैनी, सावित्रीबाई फुले पुणे विश्वविद्यालय के कुलगुरु डॉ.नितिन करमलकर, यूनिवर्सिटी के संरक्षण विभाग के प्रमुख डॉ. विजय खरे भी उपस्थित थे. इस अवसर पर पूर्व सेना प्रमुख बी.सी.जोशी राष्ट्रीय सुरक्षा के विषय पर दिए गए योगदान, उनकी दूरदृष्टि, शिक्षा, पर्यावरण के लिए उत्कृष्ट योगदान पर भी चर्चा हुई. एडमिरल करमबीरसिंह ने कहा कि 26/11 हमले के बाद नौसेना ने समुद्री किनारों पर कोस्टल सिक्योरिटी बढ़ा दी है. सीमा पार से जैश-ए-मोहम्मद जैसे आंतकी संगठनों पर नौसेना की कड़ी नजर है. उनकी हर हलचल पर पैनी नजर रखी जा रही है.